प्रेस नोट थाना पुवायाँ
जनपद शाहजहांपुर

सराहनीय कार्य दिनांक : 04.01.2025

पुवायाँ पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर नाबालिग मूकबधिर के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर महोदय के निर्देशनुसार, श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में व श्रीमान क्षेत्राधिकारी पुंवायाँ के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अपराध रोकधाम व गिरफ्तारी वाँछित अभियुक्त के क्रम में पुवायाँ पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर नाबालिग मूकबधिर के साथ बलात्कार करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 02.01.2025 को वादी मुकदमा द्वारा थाना पुवायां पर तहरीर देकर अभियुक्त शहीद मोहम्मद उर्फ छुटकन पुत्र गुड्डू शाह निवासी ग्राम जेवा थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर के विरुद्ध वादी की नाबालिग मूकबधिर पुत्री के साथ गलत काम(दुष्कर्म) करने के सम्बन्ध मे पंजीकृत कराया।

आज दिनांक 03.01.2025 को थाना पुवायाँ पुलिस को मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि आपके थाना पर लिखे गये बलात्कार के मुकदमे से सम्बन्धित नामित शहीद मोहम्मद इस समय राजीव चौक कस्बा पुवायाँ के पास खडा है कहीं जाने की फिराक मैं हैं। जल्दी की जाये तो पकड़ा जा सकता है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये स्थान से एक व्यक्ति को पकड़ लिया पकड़ हुए व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली तो इस व्यक्ति ने अपना नाम शहीद मोहम्मद उर्फ छुटकन पुत्र गुड्डू शाह निवासी ग्राम जेवा थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर उम्र करीब 18 वर्ष बताया जो थाना हाजा का वांछित अभियुक्त है। अतः अभियुक्त शहीद मोहम्मद उर्फ छुटकन पुत्र गुड्डू शाह उपरोक्त को इसके जुर्म व धारा से अवगत कराते हुए कारण गिरफ्तारी बताकर समय 19.00 बजे हिरासत पुलिस लिया गया। जिसको बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण

1. शहीद मोहम्मद उर्फ छुटकन पुत्र गुड्डू शाह निवासी ग्राम जेवा थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर

पंजीकृत अभियोग का विवरण

1. मु0अ0सं0 07/2025 धारा 65(1) /115(2) बीएनएस व 3/4(2) पॉक्सो एक्ट

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण

1. प्रभारी निरीक्षक श्री हरपाल सिंह बालियान
2. का0 1300 विपुल मलिक